बरेली, रविवार
28 नवंबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

24 स्पर्धाओं में 800 छात्रों ने किया प्रतिभाग

एसआरएमएस के सलाना कार्यक्रम जेस्ट में खेल प्रतियोगिता हुंकार के विजेताओं को शनिवार को पुरस्कृत करते ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति • सौ.एसआरएमएस

जासं, बरेली : एसआरएमएस ट्रस्ट के सभी संस्थानों के 800 विद्यार्थियों की 120 टीमों ने 24 स्पर्धाओं में एक दिवसीय सालाना सांस्कृतिक कार्यक्रम जेस्ट आरोहन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। छात्रों को ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति जी ने जिंदगी के संघर्ष में कामयाबी के टिप्स भी दिए। पिछले दिनों आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुंकार के विजेताओं को चेयरमैन ने पुरस्कृत किया। जिसमें एसआरएमएस सीईटी को चैंपियन की ट्राफी दी गई। सीईटी के नितिन शर्मा व नर्सिंग की परमीत कौर को बेस्ट प्लेयर चुना गया।

तकनीकी संस्थान के श्री राममूर्ति स्मारक प्रेक्षागृह में शनिवार को जेस्ट 2021 आरोहन का आयोजन हुआ। यह सांस्कृतिक वार्षिक महोत्सव जेस्ट वर्ष 1997 से होता आ रहा है। लेकिन पिछले दो सालों से कोरोना के कारण इसका आयोजन नहीं हो सका। इस वर्ष पूरे दमखम के साथ दोबारा जेस्ट आरोहन आयोजित किया गया। देवमूर्ति ने इस बार के महोत्सव को कोरोना वरियर्स को समर्पित किया। कहा कि पिछले दो सालों के दौरान पूरे विश्व ने कोरोना रूपी वैश्विक महामारी का डटकर मुकाबला किया। ऐसे समय में हमारे मेडिकल कालेज के कोरोना वारियर्स ने एक सैनिक की तरह इस महामारी से लोगों की रक्षा की। एसआरएमएस मेडिकल कालेज ने कोरोना काल में सबसे सस्ती और बेहतर पीपीई किट का निर्माण कर डाक्टरों को सुरक्षा प्रदान की। कार्यक्रम को थीम आरोहन पर आधारित नृत्य पेश कर दर्शकों का मनमोह लिया। ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर ई. सुभाष मेहरा, डीन सीईटी डा. प्रभाकर गुप्ता, निदेशक ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल डा. अनुज कुमार, एसआरमएस आईएमएस प्रिंसिपल डा. एसबी गुप्ता, डा. अतुल सिंह, डीन स्टूडेन्ट वेलफेयर (सीईटी) कपिल भूषण समेत सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। टायरो क्लब की प्रेसीडेंट शिवांगी शुक्ला और उनकी टीम ने जेस्ट के आयोजन में योगदान दिया।

2021 जेस्ट आरोहन का आयोजन श्री राममूर्ति स्मारक प्रेक्षागृह में, सीईटी के नितिन शर्मा बेस्ट प्लेयर